हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए देशव्यापी ह्यूमन (Human) पैपिलोमावायरस-एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रुग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। देश भर में बालिकाओं और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। टीकाकरण के बाद प्रधानमंत्री ने बालिकाओं से बातचीत भी की।

****

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कुरुक्षेत्र से किया।इस अवसर पर उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रही।

मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक अभियान के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से पूरे देश से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया था।आज उसी कड़ी में यह कार्यक्रम बेटियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए शुरू किया गया है। ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय विकास और वैश्विक हित के लिए युवाओं को सशक्त बनाने, अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के संकल्प को दोहराया है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि लोग अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मना रहे हैं, जो राष्ट्र को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि यह दिन सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की अभूतपूर्व खोज की याद दिलाता है, जिसने भारतीय अनुसंधान को वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया।

हरियाणा परिवहन विभाग ने नूंह जिले के गांव छपेड़ा में प्रस्तावित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च -IDTR के निर्माण के लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी है।

हरियाणा परिवहन आयुक्त ने परियोजना के लिए कुल 32 करोड़ 63 लाख 81 हजार 454 रुपये स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत राशि नूंह परिवहन कार्यालय को आवंटित कर दी गई है।

जारी आदेश के अनुसार पहले चरण में जारी किए गए 7 करोड़ 73 लाख 98 हजार रुपये की राशि का उपयोग भूमि खरीद, रेगुलेटरी विंग के भवन के निर्माण और प्रारंभिक आधारभूत ढांचे के विकास पर किया जाएगा। यह परियोजना कई वर्षों से लंबित थी।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार परियोजना के तहत अत्याधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण ट्रैक, थ्योरी कक्षा के लिए कक्ष , सिमुलेटर लैब, प्रशासनिक भवन, पार्किंग क्षेत्र और सुरक्षा मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित की जाएगी। संस्थान में हल्के और भारी वाहनों को चलाने का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और वाहन संचालन से संबंधित अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित होंगे।
प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान में व्यावसायिक ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए मेवात के युवाओं को अन्य जिलों या राज्यों का रुख करना पड़ता है। संस्थान शुरू होने से न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि प्रशिक्षित चालकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे सड़क

हादसों में कमी आने की संभावना है। उन्होंनेवखा कि वीसंस्थान के बनने से छपेड़ा गांव और आसपास के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कारागार विभाग में समूह ग के जेल वार्डर के पद पर प्रत्यक्ष भर्ती में भूतपूर्व अग्निवीरों को 20% क्षैतिज आरक्षण को स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय भर्ती नियमों के अनुरूप लिया गया है।
यह स्वीकृति केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के पत्र के अनुपालन में प्रदान की गई है।

सरकारी प्रवकता ने बताया कि अग्निवीरों के पुनर्वास के लिए चंडीगढ़ वन विभाग और चंडीगढ़ अग्निशमन एवं राहत सेवाओं में भी 20% क्षैतिज आरक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गत माह प्रशासक द्वारा चण्डीगढ़ पुलिस में कांस्टेबल कार्यकारी एवं वायरलेस, के पदों, पर प्रत्यक्ष भर्ती में भूतपूर्व अग्निवीरों को 20% क्षैतिज आरक्षण प्रदान करने की मंजूरी दी गई थी।जिनमें आईआरबी के पद भी शामिल हैं।